<u>प्रादेशिक समाचार एकांश</u>

<u>आकाशवाणी मध्यप्रदेश</u>

दिनांक 13.07.2026 समय: 7.10 PM

मुख्य समाचार....

- भोपाल में 'एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0' का शुभारंभ, मुख्यमंत्री मोहन यादव बोले- प्रदेश टेक्नोलॉजी और हाई-टेक निवेश का हब बन रहा।
- दतिया उपचुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में बीजेपी से आशुतोष तिवारी और कांग्रेस से घनश्याम सिंह ने भरा पर्चा।
- प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में 15 जुलाई से शुरू होगा "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" अभियान।
- मानसून की रफ्तार धीमी, 22 जिलों में आज हल्की बारिश के आसार, 16 जुलाई से नया सिस्टम होगा सक्रिय।

एमपी टेक ग्रोथ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 का शुभांरभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश टेक्नोलॉजी और हाई-टेक निवेश का हब बन रहा है। देश-विदेश की अग्रणी कंपनियों, निवेशकों, नीति-निर्माताओं और शिक्षण संस्थानों की भागीदारी ने यह संकेत भी दिया कि आने वाले वर्षों में प्रदेश की विकास यात्रा तकनीक और नवाचार के सहारे नई ऊंचाइयों को छू सकती है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 178 करोड़ 70 लाख के निवेश से स्थापित 20 औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण किया, जिनसे 1 हजार 229 नए रोजगार सृजित होंगे।

इस दौरान इंडिया लीड फॉर गूगल प्ले और एमपीएसईडीसी के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान भी हुआ। वहीं, स्पेन के बार्सिलोना स्थित सबमर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पैट्रिक स्मेट्स सहित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों को मध्यप्रदेश में इकाइयां स्थापित करने के लिए लेटर ऑफ अलॉटमेंट प्रदान किए गए।

उपचुनाव नामांकन

दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन बीजेपी उम्मीदवार आशुतोष तिवारी ने नामांकन दाखिल किया। आशुतोष तिवारी का पर्चा भरवाने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, बीजेपी अध्यक्ष हेमंत खंडेलवा और पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा

मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह ने भी आज अपना नॉमिनेशन फाइल किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, सपा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव मौजूद रहे।

कांग्रेस के तत्कालीन विधायक राजेंद्र भारती को भ्रष्टाचार के मामले में सजा सुनाए जाने के बाद उनकी विधायकी शून्य घोषित की गई थी, जिसके बाद यहां उप चुनाव हो रहा है। 30 जुलाई को दतिया सीट पर वोट डाले जाएंगे। जबकि 3 अगस्त को मतों की गणना की जाएगी।

आईएनएस जहाज

केंद्र सरकार ने बताया कि देश की समुद्री रक्षा को मजबूत करने के लिए मात्र एक महीने में चार नई पीढ़ी के स्वदेशी नौसैनिक प्लेटफार्म भारतीय नौसेना में शामिल किए गए हैं। इनमें शामिल नवीनतम जहाज आईएनएस महेंद्रगिरी है, जो स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया छठा नीलगिरी श्रेणी का स्टील्थ फ्रिगेट है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि आईएनएस महेंद्रगिरी को इस महीने की 11 तारीख को नौसेना में शामिल किया गया था। पेश है एक रिपोर्ट

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 जुलाई को मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों से विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम की 136वीं कड़ी होगी। लोग टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 पर अपने सुझाव भेज सकते हैं। नमो ऐप और मायगव पोर्टल के जरिए भी सुझाव दिए जा सकते हैं। 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एसएमएस लिंक से सीधे प्रधानमंत्री को सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने की अंतिम तिथि 24 जुलाई है।

नशा मुक्ति

विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में “नशे से दूरी है जरूरी 2.0” अभियान संचालित किया जाएगा। यह अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक चलेगा। जनसंपर्क अधिकारी राजेश दहिमा ने आज बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को अभियान के अंतर्गत समयबद्ध रूप से जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट गाइड युवाओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण का

संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता के लिए रील्स एवं शॉर्ट फिल्म निर्माण तथा उनका प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन आयोजित होंगे।

दुग्ध उत्पादन

प्रदेश में दुग्ध समृद्धि अभियान का तीसरा चरण आज से शुरु हुआ। शहडोल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि 18 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में शहडोल जिले के 7912 पशुपालकों से संपर्क कर उन्हें जागरूक किया जाएगा। दूध उत्पादन को बढ़ाने के लिए नस्ल सुधार, पशु पोषण व स्वास्थ्य की जानकारी दी जाएगी। उधर नर्मदापुरम जिले में छः दिवसीय अभियान के दौरान नर्मदापुरम, बाबई, पिपरिया, बनखेड़ी, सोहागपुर, सिवनी मालवा और केसला विकासखंड के 11,595 पशुपालक परिवारों तक विभागीय अमला पहुंचेगा।

अमृत भारत स्टेशन

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अशोकनगर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प पूरा हो गया है। स्टेशन के नवनिर्मित स्वरूप का 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण करेंगे। इससे पहले तैयारियों का जायजा लेने भोपाल रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी सोमवार को अशोकनगर पहुंचे और स्टेशन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पत्रकार संघ ने केंद्रीय मंत्री एवं गुना संसदीय क्षेत्र के सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम संबोधित एक मांग पत्र डीआरएम को सौंपा। ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग अशोकनगर को इंदौर और नई दिल्ली से सीधी रेल सेवा के जरिए जोड़ने की रही।

पुरस्कार आवेदन

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025 के राज्य और जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 31 अगस्त 2026 कर दिया गया है। विभाग को पूर्व में तय समय-सीमा के भीतर बेहद कम संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके चलते जमीनी स्तर पर काम करने वाले वास्तविक हकदारों तक पहुँचने के उद्देश्य से आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार कुल छह अलग-अलग श्रेणियों में राज्य और जिला स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसमें विजेताओं को एक लाख रुपये तक की सम्मान निधि और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाता है। इसके तहत बाल विवाह और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने तथा पीड़ितों के पुनर्वास में योगदान देने वाली बालिकाओं और महिलाओं को 'रानी अवंती बाई

राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता और पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में प्रमाणिक कार्य करने वाली महिलाओं को 'राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार' दिया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में मानसून फिलहाल कमजोर पड़ गया है। प्रदेश के करीब 60 प्रतिशत हिस्से से मानसूनी बादल छंट गए हैं, जिसके चलते अगले पांच दिनों तक कहीं भी भारी या अति भारी बारिश की संभावना नहीं है। 16 जुलाई से एक नया मौसम सक्रिय हो सकता है। सीहोर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में पिछले चार दिनों से मानसून की गति धीमी पड़ गई है, जिससे बारिश का दौर थम गया है। धूप और उमस के कारण लोग परेशान हैं, वहीं किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

इस बीच मौसम विभाग ने आज सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, धार और अलीराजपुर जिलों में बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।

संक्षिप्त समाचार

- भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 28 जुलाई से सेना भर्ती रैली शुरू होगी। इसमें भोपाल समेत 15 जिलों के पुरुष उम्मीदवार शामिल हो सकेंगे। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी एवं ट्रेड्समैन रैली के साथ एमपी और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के लिए धर्मगुरु और एजुकेशन हवलदार की रैली भी होगी।
- मंडला जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला योजना भवन में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन (एनकॉर्ड) समिति की बैठक आयोजित की गई।
- नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की।
- राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनहित से जुड़े मामलों और समय-सीमा के प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- खंडवा में रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 16 जुलाई को महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड और 18 जुलाई को खानशावली वार्ड में विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।
- गुना में जिला कोषालय गुना द्वारा आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के संचालन से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 15 से 17 जुलाई तक आईएफएमआईएस केयर्स कैम्प आयोजित किया जाएगा।
- शिवपुरी जिले में 14 जुलाई से दस्तक अभियान की शुरुआत होगी और 31 अगस्त तक यह अभियान चलेगा।
- शहडोल जिले में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के सहयोग से आयोजित 12 दिवसीय जैविक सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण समाप्त हो गया। प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं की लिखित और मौखिक परीक्षा के बाद उन्हें प्रमाण पत्र दिए गए।

------------------------------